
## एक नजर में

### मां जालपा को अर्पित करेंगे 1111 मीटर चुनरी

**राजगढ़ 05 सितम्बर, का.** विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल एवम हिंदू चेतना मंच के संयुक्त तत्वाधान में नवरात्रि पर प्रतिवर्ष अनुसार मां जालपा की 1111 मीटर चुनरी यात्रा अर्पित करने का आयोजन करने हेतु बैठक का आयोजन हुआ . जिसमे आगामी नवरात्रि में 28 सितंबर रविवार को मां जालपा को चुनरी यात्रा निकलने हेतु दिनांक तय की गई . चुनरी यात्रा राजमहल प्रांगण से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग से निकलकर मां जालपा को अर्पित की जाएगी . इस हेतु मार्ग पर पैदल चलने वाले श्रद्धालुओ के लिए मां जालपा के मार्ग तक कारपेट की व्यवस्था प्रतिवर्ष अनुसार रहेगी . इस बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय हिंदू चेतना मंच अध्यक्ष बृजमोहन सरावत, मयंक जायसवाल, बृजकिशोर अनंत, दिलीप सोलंकी, चेतराम गुर्जर, संतोष सिंह राणा, प्रकाश तंवर, घोटू शर्मा, अक्षत दुबे हेमराज तंवर, मनमोहन प्रजापति आदि उपस्थित रहे .

### सोलंकी बने करणी सेना में मंत्री

**सारंगपुर 05 सितम्बर, सं .** सदैव



सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले ऊर्जावान विजयराज सिंह सोलंकी ठिकाना खासपुरा को करणी सेना सारंगपुर विधानसभा में मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है . जिस पर इष्टमित्रों सहित परिजनों ने बधाई दी है .

# कालीसिंध नदी में गिरी कार, युवक लापता

## बिना रेलिंग पुल से रात्रि में गिरी कार, युवक की तलाश जारी

### संडावता के जनपद सदस्य का पुत्र था कार में सवार

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 05 सितंबर, सं. नगर में कालीसिंध नदी पर स्थित बिना रेलिंग वाले पुल से एक कार नदी में जा गिरी. कार में सवार चालक युवक लापता है जिसकी सरगर्मी से तलाश जारी है. कार में सवार युवक संडावता निवासी जनपद सदस्य का पुत्र बताया जाता है.**

नगर के पुराना ए.बी.रोड पर स्थित कालीसिंध नदी पर मौजूद बिना रेलिंग की के पुल से बीती रात्रि को स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 04 सी के 3378 जो की ग्राम संडावता जनपद पंचायत सदस्य महेश सोनी की बताई गई है, कार उनका पुत्र विशाल सोनी उम्र 28 वर्ष चला रहा था जो कि लापता है. युवक की पुलिस और एनडीएफआर की टीम तलाश कर रही है.



### बिना रेलिंग पुल बना जानलेवा

बिना रेलिंग के पुल पर आये दिन घटनाएं हो रही है . कालीसिंध नदी पर वर्षो पुराना पुल है जो कि काफी जर्जर हो चुका है . थोड़ी बहुत मरम्मत कर पुल का उपयोग किया जा रहा है और पुल पर`रेलिंग नहीं होने के कारण प्राय : हादसे होते रहते है .



### मोबाईल पर कहा मैं आ रहा हूं

जानकारी के अनुसार विशाल सोनी सारंगपुर में किसी से पैमेंट लेने का बोलकर आया था . इसी बीच उसकी रात्रि 10 .30 बजे परिजन से मोबाईल पर बात हुई थी जिसमें उसने कहा था कि मैं आ रहा हूं . इसी बीच कालीसिंध नदी के पुल पर गुजरते समय कार बिना रेलिंग वाले पुल से अनियंत्रित होकर नीचे नदी में जा गिरी . रात्रि में अंधेरा होने के कारण किसी को पता नहीं चला . सुबह जैसे ही लोगों ने नदी में कार को देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी . पुलिस ने तुरंत ही क्रेन बुलाकर गाड़ी को नदी से निकाला . घटना की जानकारी लगते ही राज्यमंत्री गौतम टेटवाल मौके पर पहुंचे तथा बचाव कार्य की देखरेख में लग गये . उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है . मौके पर लोगों का हुजूम उमड़ गया . पुलिस रेस्क्यू के लिए पहुंची . पुलिस के अनुसार कार में संडावता निवासी जनपद पंचायत सदस्य महेश सोनी के पुत्रका पता अभी तक नहीं चला है .



# नगर आगमन पर इंका जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत

## शिक्षक दिवस पर कांग्रेस ने किया शिक्षकों का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 05 सितंबर, सं. शुक्रवार को कांग्रेस के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह के जिलाध्यक्ष बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया.**

नगर में विभिन्न स्थानों पर मंच बनाकर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा श्री सिंह का जोरदार स्वागत किया गया. पाडल्या रोड दूध तलाई में पूर्व नपा उपाध्यक्ष शफीक अंसारी मित्रमंडल, पुराने बस स्टैंड पर समीर भुरु भाई मेव पार्षद, कैलाश पुष्पद, बाबूलाल पुष्पद, पूर्व सरपंच सत्यनारायण पुष्पद सहित कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया.

कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो. अली ने पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया. श्री सिंह के नगर आगमन पर बड़ी संख्या में वाहनों का काफिला उनके साथ रहा. शिक्षक दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों का शाल श्रीफल एवं फूल माला से सम्मान किया गया. सारंगपुर एवं संडावता ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वोटर लिस्ट की सूची में काफी गड़बड़ियां सामने आई है. वोट चोरी की सुनियोजित योजनाएं उजागर हो रही है. चुनाव आयोग को मध्यप्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों की वोटर लिस्ट की जांच करना चाहिए.

उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर 18 सितंबर को राजगढ़ में प्रदर्शन किया जाएगा. वोट चोर गद्दी छोड मुद्दे पर वोट चोरी रोकने के लिए कांग्रेस वोट चोरी को उजागर करेगी. इस अवसर पर पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, महेश मालवीय, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ हेमेंद्र सिंह सोलंकी, संडावता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष हरि सिंह तंवर, जिला संगठन मंत्री राधेश्याम सोमतिया, मोहन सिंह पाल, प्रमोद सादानी, प्रदीप सादानी, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह चौहान सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# राज्यमंत्री टेटवाल के जन्मदिन पर उज्जैन, बड़वानी सहित जिले भर से पहुंचे कार्यकर्ता

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 05 सितम्बर, सं. प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री एवं उज्जैन व बड़वानी जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल के जन्मदिन पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सारंगपुर पहुंचकर जनम दिन की बधाई दी.**

सेवा सदन कार्यालय में आयोजित समारोह में श्री टेटवाल के प्रभार वाले जिले उज्जैन एवं बड़वानी से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि आये तथा राज्यमंत्री का स्वागत किया. सुबह से ही



स्वागत और शुभकामनाओं का सिलसिला शुरु हो गया.

नगर सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ, पुष्पमाला, त्रिशूल भेंट कर अभिनंदन किया. मंत्री टेटवाल के स्वागत में महादेव मित्र मंडल, कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मंडल, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, पर्यावरण संघ, सामाजिक संगठन, भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भव्य स्वागत किया. महिला कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक गीतों के साथ मंगलकामनाएं की. युवाओं ने ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और आतिशबाजी से पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया. अपने संबोधन में राज्यमंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि आप सबके स्नेह, प्रेम और आशीर्वाद से मैं हृदय से प्रफुल्लित हूं. आज जो भी मान, सम्मान और पद प्रतिष्ठा मुझे प्राप्त हुई है, वह आप सभी जनों का दिया हुआ है. यह जन्मदिन समारोह जनता और लोकप्रिय नेता के बीच गहरे संबंध और भरोसे का प्रतीक बन गया.